**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 4080**
**वाणिज्य विभाग**

**दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ नया व्यापार**

4080 **श्री डी. एम. कथीर आनंद:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ किन्हीं नए व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और यूनाइटेड किंगडम से कतिपय निषिद्ध और प्रतिबंधित उत्पादों के आयात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की चीन पर निर्भरता को कम करने के लिए सक्रिय भेषज संघटकों और महत्वपूर्ण रासायनिक यौगिकों की आपूर्ति हेतु संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल से सहायता मांगने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत पांच वर्षों के दौरान इन देशों से कुल कितने मूल्य (भारतीय रुपये में) का आयात किया गया है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क): भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने दिनांक 13 फरवरी, 2025 को एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया, जिसमें पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत करने की घोषणा की गई।

(ख): हाल ही में, सरकार ने संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और यूनाइटेड किंगडम से कतिपय निषिद्ध और प्रतिबंधित उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

(ग) और (घ): भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच 6 वीं वाणिज्यिक वार्ता के दौरान, दोनों देशों के व्यापार मंत्रियों ने सक्रिय भेषज संघटकों (एपीआई) औद्योगिक बेस, उत्पादन क्षमताओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं की वर्तमान स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से घरेलू भेषज विनिर्माणकारी क्षमताओं को आधार देने वाले आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क का समाधान करने के लिए अपनी-अपनी सरकार के कार्यों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी के आदान-प्रदान में साझा रुचि व्यक्त की। संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल से भेषज उत्पादों और महत्वपूर्ण रासायनिक यौगिकों के आयात का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है ।

अनुलग्नक

**दिनांक 25.03.2025 के उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4080 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**भारत द्वारा सक्रिय भेषज संघटकों और रासायनिक यौगिकों का आयात**

| क्र. सं. | वस्तु | 2019-20 | 2020-2021 | 2021-2022 | 2022-2023 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत में आयात (मूल्य लाख रुपए में)** | | | | | | |
| 1 | अकार्बनिक रसायन | 348,221.39 | 349,041.98 | 291,162.68 | 297,593.64 | 294,681.91 |
| 2 | कार्बनिक रसायन | 1,164,508.21 | 1,179,224.58 | 1,492,013.09 | 1,652,740.40 | 1,217,184.24 |
| 3 | भेषज उत्पाद | 223,283.50 | 226,728.33 | 405,317.35 | 293,642.57 | 325,500.17 |
| **इजराइल से भारत का आयात (मूल्य लाख रुपए में)** | | | | | | |
| 1 | अकार्बनिक रसायन | 12,010.47 | 24,806.09 | 28,430.01 | 20,942.17 | 15,757.81 |
| 2 | कार्बनिक रसायन | 20,512.37 | 23,996.37 | 24,508.76 | 29,477.10 | 23,021.48 |
| 3 | भेषज उत्पाद | 6,599.45 | 5,790.90 | 9,160.30 | 10,060.78 | 10,983.70 |

स्रोत: डीजीसीआईएस

*****